धर्मशाला

पुरुष ओ.पी.डी. : डॉ. उदय सिंह, डॉ. शालिनी, डॉ. मनस्वी। महिला ओ.पी.डी. : डॉ. अंकिता, डॉ. यशिका, डॉ. नीतू। चिल्ड्रन वार्ड/ओ.पी.डी. : डॉ. स्वाति साहा रॉय, डॉ. निखिल, डॉ. अनुजा। मैडीकल वार्ड/ओ.पी.डी. : डॉ. मैरी अक्षा रेयान, डॉ. सुगंधी। सर्जरी वार्ड/ओ.पी.डी. : डॉ. अरुण राठौड़, डॉ. निशा। ऑर्थो वार्ड/ओ.पी.डी. : डॉ. प्रवीण ठाकुर, डॉ. राहुल। ई.एन.टी. ओ.पी.डी. : डॉ. गरिमा। नेत्र रोग ओ.पी.डी. : डॉ. शैलेंद्र मन्हास। गायनी ओ.पी.डी. : डॉ. मनीषा, डॉ. प्रतिभा, डॉ. मीनाक्षी। पैथोलॉजी/ब्लड बैंक : डॉ. गरिमा, डॉ. सुनील भट्टू। एनैस्थीसिया/ओ.टी. विभाग : डॉ. विवेक, डॉ. पायल। मनोचिकित्सा ओ.पी.डी./वार्ड : डॉ. अनीता ठाकुर। (ब्यूरो)

सिविल अस्पताल कांगड़ा

सिविल अस्पताल कांगड़ा में शुक्रवार को एस.एम.ओ. डॉक्टर अल्पना कायस्था, दांतों के विशेषज्ञ डॉक्टर संतोष, डॉक्टर भारती गुलयानी व डॉक्टर डेजी, ऑर्थो विशेषज्ञ डॉक्टर नरेंद्र, शिशु विशेषज्ञ डॉक्टर अरुण, गायनी विशेषज्ञ डॉक्टर मीनाक्षी, नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर नेहा, डॉक्टर अरुण, एमरजैंसी में डॉक्टर संचिता व रात को डॉक्टर सुजाया उपस्थित रहेंगे। (किशोर)

सिविल अस्पताल नूरपुर

नूरपुर अस्पताल में शुक्रवार को एमरजैंसी ड्यूटी में सुबह डा. श्रुति, ईवनिंग ड्यूटी में डा. दीपक डोगरा तथा रात्रि ड्यूटी में सर्जन डा. प्रवीण कुमार मौजूद रहेंगे। मैडीसन विशेषज्ञ डा. आशीष कुमार, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. कार्तिक सैनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. प्रीति, ई.एन.टी. विशेषज्ञ डा. आकृति, नेत्र विशेषज्ञ डा. दीक्षा डोगरा, त्वचा विशेषज्ञ डा. आकांक्षा सहित सामान्य ओ.पी.डी. के चिकित्सक मौजूद रहेंगे। स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. पंकज हीर तथा मैडीसन विशेषज्ञ डा मुनीश शर्मा छुट्टी पर रहेंगे। (नि.स.)

सिविल अस्पताल देहरा

सिविल अस्पताल देहरा में गायनी के डा. रोहित डोगरा व डा. शिवानी, नेत्र विशेषज्ञ डा. सेजल व डा. गुरमीत सिंह, सर्जन आशीष ठाकुर, बाल रोग विशेषज्ञ डा. अनुज गुलेरिया, रेडियोलॉजिस्ट डा. अंकुश, स्किन स्पैशलिस्ट डा. प्रबल कुमार, एनैस्थीसिया की डा. शिल्पा व डा. निश्चिंत, ई.एन.टी. के डा. अभिषेक, पल्मोनरी मैडीसन की डा. जगपूर्णिमा कटोच, ऑर्थो के डा. सिद्धांत राणा, दंत चिकित्सक डा. नवतेज, डा. नेहा शर्मा, डा. अभिनीत, डा. हरमनजीत कौर और डा. कोमल उपस्थित रहेंगे। डा. दिलशाद मोहम्मद का नाइट ऑफ रहेगा और डा. दीपिका ईवनिंग ड्यूटी पर रहेंगे। (राजीव)

पैंशनर्स ने किया स्मार्ट मीटरिंग का विरोध

विद्युत बोर्ड पैंशनर्स फोरम इकाई पालमपुर की बैठक आयोजित

पालमपुर, 12 मार्च (भृगु): विद्युत बोर्ड पैंशनर्स फोरम इकाई पालमपुर की बैठक पालमपुर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता इकाई अध्यक्ष वी.डी. मिश्रा ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए वी.डी. मिश्रा, चंद्रभान शर्मा, संताष सरोत्री, धर्म चंद, शशि गुप्ता, ओम प्रकाश शर्मा व एस.एल. भाटिया ने पुरजोर तरीके से स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध किया। पैंशनर्स ने पैंशनर के लंबित एरियर, ग्रैच्युटी, लीव इन कैशमैंट व चिकित्सा बिलों का भुगतान एकमुश्त अतिशीघ्र जारी करने का भी बोर्ड प्रबंधन व सरकार से आग्रह किया, साथ में यह चेतावनी भी दी गई कि अब वित्तीय लाभों के भुगतान में और देरी सहन नहीं की जाएगी।

फोरम के गत माह स्वर्गवास हुए सदस्यों को दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वहीं 80 वर्ष से ऊपर के सदस्यों संतोख सिंह, राम स्वरूप, रमेश शर्मा, ईश्वर दास, रत्न चंद व प्रकाश चंद को स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया गया।

पालमपुर : विद्युत बोर्ड पैंशनर फोरम के सदस्य बैठक के पश्चात सामूहिक चित्र में। (भृगु)

हैप्पी चौधरी का बलिदान अदम्य साहस की मिसाल : बाली

नगरोटा बगवां, 12 मार्च (दुसेजा): शहीद हैप्पी चौधरी नगरोटा की शान हैं और लोगों के दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे। यह बात हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आर.एस. बाली ने नगरोटा की लिली पंचायत के शहीद हैप्पी चौधरी के जन्मदिन पर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में कही।

उन्होंने शहीद हैप्पी चौधरी के माता-पिता, युवाओं और ग्रामीणों के साथ मिलकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि हैप्पी चौधरी का बलिदान अदम्य साहस की मिसाल है। यह बलिदान सभी युवाओं को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। हैप्पी चौधरी हम सभी के दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे। इस मौके पर युवाओं ने जिम खोलने की मांग रखी, जिसे उन्होंने तुरंत पूरा करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए पंचायत में जल्द आधुनिक जिम स्थापित कर दिया जाएगा। आर.एस. बाली नगरोटा बगवां एच.आर.टी.सी. कार्यशाला में आयोजित भंडारे में भी शामिल हुए। इस मौके पर डी.एम. पंकज चड्ढा, आर.एम. अश्वेन्दु, नितिन शर्मा और संजीव ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

उपराष्ट्रपति के काफिले के गुजरने के समय पूरी तरह से रोका जाएगा ट्रैफिक

प्रोटोकॉल के तहत यह रहेगी पाबंदी

धर्मशाला, 12 मार्च (ब्यूरो): 14 मार्च को आयोजित किए जाने वाले हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के 9वें दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन के आगमन को लेकर ट्रैफिक प्लान जारी कर दिया गया है।

प्रोटोकॉल के तहत उनके धर्मशाला आगमन के समय पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर गग्गल एयरपोर्ट के पास व गग्गल चौक की दूसरी तरफ और कांगड़ा-धर्मशाला मार्ग पर आवाजाही पर पाबंदी रहेगी। इस दौरान धर्मशाला से कांगड़ा मार्ग पर वाहनों की दोनों तरफ की आवाजाही को उपराष्ट्रपति के काफिले के गुजरने के समय पूरी तरह से रोक दिया जाएगा। वहीं उपराष्ट्रपति के वार मैमोरियल व सर्किट हाऊस पहुंचने पर भी आवाजाही रोकी जाएगी।

इसके अलावा सर्किट हाऊस से श्री चांमुडा मंदिर पहुंचने के दौरान धर्मशाला-पामलपुर रोड पर भी ट्रैफिक पर रोक लगेगी। साथ ही वापस गग्गल एयरपोर्ट पहुंचने के समय भी ट्रैफिक को पूरी तरह रोका जाएगा। इस दौरान किसी भी आम वाहनों की आवाजाही मार्ग से नहीं हो पाएगी। हालांकि इस दौरान आपातकालीन वाहनों की आवाजाही पर किसी भी प्रकार की रोक नहीं रहेगी। वहीं केंद्रीय वि.वि. धर्मशाला, जिला प्रशासन व पुलिस विभाग कांगड़ा द्वारा शनिवार को होने वाले कार्यक्रम को लेकर पूरी व्यवस्था चाक-चौबंद की जा रही है।

आपातकालीन वाहनों पर कोई पाबंदी नहीं रहेगी

उपराष्ट्रपति के प्रोटोकॉल के तहत उनके आगमन के समय पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग और कांगड़ा-धर्मशाला व पालमपुर मार्ग पर कुछ समय के लिए आवाजाही पर पाबंदी रहेगी। सुरक्षा व्यवस्था व ट्रैफिक प्लान के लिए अतिरिक्त जवान भी तैनात रहेंगे। इस दौरान आपातकालीन वाहनों पर कोई पाबंदी नहीं रहेगी।

*- **सौम्या सांबशिवन**, डी.आई.जी., पुलिस विभाग, नॉर्थ जोन, धर्मशाला*

नगरोटा बगवां : शहीद हैप्पी चौधरी के जन्मदिन पर बच्चों संग केक काटते बाली व उपस्थित अन्य। (दुसेजा)

गहरा गड्ढा दे रहा हादसों को न्यौता

बैजनाथ : पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय उच्च मार्ग-154 पर शिव मंदिर बैजनाथ के समीप सड़क के बीचों-बीच बना बड़ा गड्ढा हादसों को न्यौता दे रहा है। लोगों और दुकानदारों ने बताया कि गड्ढे के कारण दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक खतरा बना हुआ है। लोगों और व्यापारियों ने प्रशासन, शासन और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से मांग की है कि गड्ढे को जल्द से जल्द ठीक करवाया जाए। (सुरिंद्र)

प्रदेश में स्थापित की जाएगी आधुनिक नर्सरी

क्षमता निर्माण-रोपण सामग्री उत्पादन में माइकोराइजल जैव प्रौद्योगिकी का उपयोग विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

धर्मशाला, 12 मार्च (ब्यूरो): हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान शिमला की ओर से अब प्रदेश में आधुनिक नर्सरी की स्थापना की जाएगी। इसी कड़ी में क्षमता निर्माण तथा रोपण सामग्री उत्पादन में माइकोराइजल जैव प्रौद्योगिकी का उपयोग विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम धर्मशाला में आयोजित किया।

कार्यक्रम में धर्मशाला वन वृत्त के 36 वन अधिकारियों, कर्मचारियों एवं फील्ड स्टाफ ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को आधुनिक नर्सरी की स्थापना एवं प्रबंधन के साथ-साथ रोपण सामग्री के उत्पादन में आधुनिक तकनीकों के उपयोग के प्रति जागरूक और सक्षम बनाना था।

इसके अतिरिक्त, नर्सरी तैयार करने की प्रक्रिया के दौरान माइकोराइजल जैव उर्वरकों के महत्व एवं उनके प्रभावी उपयोग के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। मुख्यातिथि के रूप में वासु कौशल, मुख्य वन अरण्यपाल धर्मशाला शामिल रहीं। कार्यक्रम के शुरूआत में प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. प्रवीन रावत, वैज्ञानिक संस्थान शिमला ने मुख्यातिथि, संस्थान के समूह समन्वयक (अनुसंधान) एवं सभी उपस्थित वन मंडल अधिकारियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया।

डॉ. रावत ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश सरकार के राज्य क्षतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन और योजना प्राधिकरण के अंतर्गत वित्त पोषित परियोजनाओं के तहत आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वन मंडल अधिकारी धर्मशाला अमित शर्मा, डी.एफ.ओ. पालमपुर संजीव शर्मा और संदीप कोहली वन मंडल अधिकारी नूरपुर भी उपस्थित रहे।

पर्यावरण-अनुकूल जैव तकनीकें भी बताई

डॉ. संदीप शर्मा समूह समन्वयक (अनुसंधान) शिमला ने कार्बनिक खाद, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण तथा आधुनिक नर्सरी की स्थापना से संबंधित सरल और उपयोगकर्ता-अनुकूल तकनीकों पर चर्चा की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मॉडल नर्सरी के स्थापना, उच्च गुणवत्ता वाले पौधों के उत्पादन तथा नर्सरी में पर्यावरण-अनुकूल जैव तकनीकों के उपयोग पर जानकारी दी गई।

मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति लापता

ज्वालामुखी, 12 मार्च (नितेश): 58 वर्षीय देवराज, जोकि मानसिक रूप से बीमार है, बीते 2 दिन से अपने घर नहीं लौटा है। इस संदर्भ में रजनीश कुमार, जोकि पैट्रोल पंप जंगलू (सुजानपुर रोड) पर कार्य करता है, ने बताया कि उनके पिता देवराज निवासी गांव सूह डाकखाना जलाड़ी बुधवार सुबह साढ़े 10 बजे घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं पहुंचे। उनके अनुसार उनके पिता ने काली पेंट, तोतकी कलर की चैक कमीज और सिर पर टोपी पहनी थी।

उन्होंने बताया कि जब परिजनों से संपर्क करने के बाद भी वह नहीं मिले तो अब उन्होंने थक-हारकर पुलिस थाना नादौन में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उसने बताया कि बीते बुधवार को किसी ने उन्हें सूचना दी कि उनके पिता को ज्वालामुखी के गंजू द बाग में देखा गया था, वह उस स्थान पर गए भी लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। उसने बताया कि वह मानसिक रूप से परेशान रहते हैं।

नगर पंचायत का दर्जा मिलने से गुनेहड़, चौगान और क्योरी को मिलेगा सीधा लाभ : अनुराग

बैजनाथ, 12 मार्च (सुरिन्द्र): बीड़ को नगर पंचायत का दर्जा मिलने पर अनुराग शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि बीड़ के साथ गुनेहड़, चौगान और क्योरी क्षेत्र की जनता को भी सीधा लाभ मिलेगा।

नगर पंचायत बनने से सड़क, स्वच्छता, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और कूड़ा प्रबंधन जैसी सुविधाओं को बेहतर ढंग से विकसित किया जा सकेगा। बीड़ एक प्रमुख पर्यटन स्थल है और नगर पंचायत का दर्जा मिलने से यहां योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्य आगे बढ़ेंगे।

वित्तीय जागरूकता तथा जिम्मेदार बैंकिंग व्यवहार के महत्व पर डाला प्रकाश

भारतीय रिजर्व बैंक ओम्बड्समैन कार्यालय शिमला द्वारा धर्मशाला में बैठक आयोजित

धर्मशाला, 12 मार्च (ब्यूरो): रिजर्व बैंक एकीकृत ओम्बड्समैन योजना 2021 के अंतर्गत उपलब्ध उपभोक्ता संरक्षण तथा शिकायत निवारण तंत्र के संबंध में जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक ओम्बड्समैन कार्यालय शिमला द्वारा वीरवार को धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय रिजर्व बैंक ओम्बड्समैन रमेश चंद द्वारा की गई। कार्यक्रम में विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। रमेश ने कहा कि ओम्बड्समैन योजना 2021 का उद्देश्य एक देश एक ओम्बड्समैन की अवधारणा को अपनाते हुए बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों तथा भुगतान प्रणाली संचालकों जैसी विनियमित संस्थाओं के विरुद्ध ग्राहकों की शिकायतों के निवारण हेतु एक प्रभावी और सुलभ व्यवस्था उपलब्ध करवाना है।

उन्होंने बताया कि ओम्बड्समैन कार्यालय ग्राहकों की शिकायतों का निस्तारण निःशुल्क, त्वरित और निष्पक्ष तरीके से करने के लिए कार्य करता है। कार्यक्रम के दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक भी उपस्थित रहे और उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए वित्तीय जागरूकता तथा जिम्मेदार बैंकिंग व्यवहार के महत्व पर प्रकाश डाला।

सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों को दी नाबार्ड समर्थित कार्यक्रमों की जानकारी

धर्मशाला, 12 मार्च (ब्यूरो): जिले में ग्रामीण विकास से जुड़े गैर-सरकारी संगठनों की क्षमता को सुदृढ़ करने तथा नाबार्ड की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से शुक्रवार को नाबार्ड जिला विकास प्रबंधक कार्यालय कांगड़ा द्वारा धर्मशाला में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिले के विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर डी.डी.एम., नाबार्ड ने ग्रामीण विकास में गैर-सरकारी संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला तथा नाबार्ड द्वारा समर्थित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे माइक्रो एंटरप्राइज डिवैल्पमैंट प्रोग्राम, लाइवलीहुड एंड एंटरप्राइज डिवैल्पमैंट प्रोग्राम तथा अन्य विकासात्मक पहलों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुणवत्तापूर्ण परियोजना प्रस्ताव और पारदर्शी कार्यान्वयन ग्रामीण विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। प्रतिभागियों ने भी इस प्रकार की कार्यशालाओं को उपयोगी बताते हुए इन्हें समय-समय पर आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

हरनोटा के अतीक बने असिस्टैंट प्रोफैसर

राजा का तालाब, 12 मार्च (योगेश): तहसील ज्वाली के गांव हरनोटा के निवासी अतीक खान सरकारी कॉलेज रोहतक में असिस्टैंट प्रोफैसर के रूप में चयनित हुए हैं। उनके पिता मोहम्मद असलम कपड़ों की फेरी लगाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। अतीक ने दिल्ली विश्वविद्यालय से भौतिकी में एम.एससी. की पढ़ाई पूरी की है। कई संघर्षों के बाद उन्होंने परीक्षा पास की।

बिजली दरें और नए बिजली मीटर पर ली जाने वाली राशि कम करे सरकार : राणा

नगरोटा सूरियां, 12 मार्च (नि.स.): 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने को लेकर पूर्व पंचायत समिति सदस्य पंचायत डोल पधर साधू राम राणा ने कहा कि मुफ्त की रेवड़ियां बांटने से कोई भी सिस्टम मजबूत नहीं, बल्कि कमजोर स्थिति में आ जाता है।

अब सरकार 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने के लिए होमवर्क में जुटी हुई है, उससे कहीं अच्छा होता कि सरकार द्वारा कर्मचारियों की कमी की भरपाई करते हुए चरमराए बिजली सिस्टम को चुस्त-दुरुस्त करने के पग उठाए जाते, क्योंकि बिजली बोर्ड की बहुत सी स्कीमें कर्मचारियों की कमी के चलते या तो बंद पड़ी हैं या फिर सुचारू रूप से नहीं चल पा रही हैं। राणा ने कहा कि सरकार 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की बजाय बिजली दरों में रियायत और नए बिजली मीटर पर ली जाने वाली राशि कम करे।

बहुत सी स्कीमें कर्मचारियों की कमी के चलते या तो बंद या सुचारू नहीं

डमटाल व इंदौरा थाना टीम ने लापता 4 व्यक्तियों को किया सकुशल बरामद

इंदौरा/डमटाल, 12 मार्च (गगन/कालिया): लापता व्यक्तियों की तलाश के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस जिला नूरपुर के अंतर्गत पुलिस थाना इंदौरा और डमटाल की टीमों ने कार्रवाई करते हुए 4 लापता व्यक्तियों को सकुशल बरामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना डमटाल के क्षेत्र से लापता 3 व्यक्तियों को पुलिस ने ढूंढ निकाला। इनमें बग्गन लोअर तहसील बिलावर जिला कठुआ का 19 वर्षीय युवक, वार्ड नंबर 5 थपकौर डाकघर भदरोया तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा की 25 वर्षीय महिला तथा डमटाल तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा का 19 वर्षीय युवक शामिल है।

इसी प्रकार पुलिस थाना इंदौरा के क्षेत्र से भी लापता एक व्यक्ति निवासी मुकेन, डाकघर प्रीतम नगर, तहसील व जिला गढ़वाल (उत्तराखंड) को भी पुलिस ने सकुशल ट्रेस कर लिया है।

पुलिस द्वारा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद सभी लापता व्यक्तियों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि लापता व्यक्तियों की तलाश के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

ठाकुरद्वारा : गुमशुदा हुए लोगों को उनके परिजनों के सुपुर्द करते पुलिस कर्मी। (गगन)

दुकानदारों ने लगाया ग्लो साइन बोर्ड

गग्गल, 12 मार्च (वीरेंद्र): सुबह गग्गल चौक के पास पठानकोट रोड पर डिवाइडर के साथ पिकअप के टकराकर पलट जाने के बाद भी प्रशासन तो सोया रहा लेकिन दुकानदारों गुलशन धीमान, पियूष ठाकुर, विपिन कुमार, तरुण ठाकुर तथा काका चौधरी ने जिम्मेदारी समझते हुए डिवाइडर के ऊपर ग्लो साइन बोर्ड को पक्का कर दोबारा लगाया। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि प्रशासन अपनी जिम्मेदारी समझते हुए इस स्थान पर डिवाइडर के पास उचित रोशनी का प्रबंध करे तथा अन्य पुख्ता इंतजाम भी करे, ताकि ऐसी दुर्घटना दोबारा न हो।

TEACHERS REQUIRED
New Holy Mission Public School, Chachian
Tehsil Palampur (Kangra) H. P. Pin 176059

invites applications from dedicated and qualified teachers with excellent communication skills and expertise in their subject.
Core Subjects:- English, Science, Mathematics, Social- Sci, (Secondary).
Eligibility Criteria:- Bachelor's/Master's degree in the relevant subject, B.Ed., preferred, Fluency in English is must. Prior teaching experince is an advantage.
Other Positions:- Drawing Teacher, Music Teacher, Brass a Band Instructor(ex army), Table Tennis& Hockey coaches(part time).
Salary :- No bar for deserving candidates. **Apply within seven days.**
Contact number:- 7018451811 Principal

गुमशुदा की तलाश

देवराज सिंह

देवराज सिंह उम्र 58 साल, कद 5 फुट 6 इंच, रंग सांवला, काले रंग की पैंट व तोतकी रंग कोटी और चैकदार कमीज पहनी हुई है जोकि गांव सूह, डाकघर जलाड़ी, तहसील नादौन, जिला हमीरपुर से दिनांक 11.03.2026 को प्रातः 10:30 बजे घर से बिना बताए कहीं चले गए हैं। आखिरी बार उन्हें गुरु दा बाग में देखा गया है। उनकी मानसिक स्थिति कुछ ठीक नहीं है।

अगर किसी को मिलें या पता चले तो निम्नलिखित नम्बरों पर संपर्क या पुलिस थाना नादौन जिला हमीरपुर पर संपर्क करें।
8627932456, 9625142333, 7876145993
सूचना देने वाले को उचित ईनाम दिया जाएगा।

अधिवेशन 17 को

ज्वालामुखी, 12 मार्च (नि.स.): दी गुमर कृषि सेवा सहकारी सभा के अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह ने यहां जारी प्रैस वक्तव्य में बताया कि सभा का साधारण अधिवेशन 17 मार्च को होगा। उन्होंने सभी सदस्यों से अधिवेशन में भाग लेने की अपील की है, ताकि सभा की वार्षिक गतिविधियों की जानकारी दी जा सके और भविष्य की योजनाओं पर भी विचार किया जा सके।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय : एस.सी.ओ. 19, 2रा तल, डी-ब्लाक, रंजीत एवेन्यू, अमृतसर,
ईमेल: recovery.amritsar@bankofbaroda.com
ई-नीलामी बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों हेतु बिक्री सूचना-परिशिष्ट IV-ए(देखें नियम 6(2) व 8 (6) का प्रोविजो)

सिक्योरिटी इंट्रस्ट (इंफोर्समेंट) रूल्स 2002 के नियम 6 (2), 8 (6) एवं 9 की शर्तों के साथ पढ़े जाते सिक्योरिटाइजेशन एंड रीकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनांशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002 अधीन अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद् द्वारा साधारण जनता एवं विशेष तौर पर देनदार, मोर्टगेजर (यों) गारंटर (यों) को सूचना दी जाती है कि सिक्योर्ड क्रैडिटर को मोर्टगेज/चार्ज, निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकृत अधिकारी सिक्योर्ड क्रैडिटर ने ले लिया है, निम्नलिखित खाते (तों) में देयों की वसूली के लिए "जैसे है जहां है", "जैसा है जो है" एवं "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएंगी। देनदार (तों), मोर्टगेजर (रों) जामनों/ सिक्योर्ड सम्पत्तियों/ देयों/ आरक्षित मूल्य/ ई-नीलामी तिथि व समय/ईएमडी एवं बोली वृद्धि राशि निम्नलिखित है। ईएमडी भुगतान का ढंग : नैफ्ट

शाखा/कर्जदारों/जामनों/ मोर्टगेजर्स का नाम व पता	अचल सम्पत्तियों का विवरण/कब्जे की स्थिति (रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक)	डिमांड नोटिस की तिथि / कुल देय	ई-नीलामी की तिथि / ई-नीलामी का समय / आरंभ समय से समापन समय	आरक्षित कीमत / धरोहर राशि जमा / बोली वृद्धि राशि	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि व समय
पठानकोट मेन शाखा मैसर्स सिल्वर सीड कंजूमर केयर प्राइवेट लिमि. इसके पंजीकृत कार्यालय प्लाट नं. 81, इंडस्ट्रियल एरिया, तहसील इंदौरा, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176402 एवं जामनी : (i) श्री रोहित जगी पुत्र श्री अरुण कुमार जगी (ii) श्री विवेक जगी पुत्र श्री अरुण कुमार(iii) श्रीमती सम्पदा जगी पत्नी श्री विवेक जगी सभी निवासी मकान नं. 180, सिविट जल आपूर्ति, तहसील पठानकोट, पंजाब 145024	(i) औद्योगिक क्षेत्र, तहसील इंदौरा, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश में स्थित प्लॉट संख्या 81 पर प्रस्तावित निर्माण सहित वाणिज्यिक भूखंड का पंजीकृत बंधक खेसरा संख्या 171/156, खसरा संख्या 371/221/172, माप 2017 वर्ग मीटर क्षेत्रफल, मैसर्स सिल्वर सीड कंजूमर केयर प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर पंजीकृत पट्टा विलेख संख्या 152/2023 दिनांक 2.2.2023 के तहत, उप पंजीयक इंदौरा, जिला कांगड़ा के कार्यालय में पंजीकृत। संपत्ति पूर्व में प्लॉट संख्या 88/40 मीटर, पश्चिम में औद्योगिक क्षेत्र रोड/40 मीटर, उत्तर में प्लॉट संख्या 80/50.425 मीटर दक्षिण में : औद्योगिक क्षेत्र/रोड / 50.425 मीटर से घिरी हुई है। सुरक्षित संपत्ति की सरसाई आईडी 400070671857 है। (भौतिक कब्जा)	**01-11-2025** रु. 72,67,134.83 + ब्याज, अन्य शुल्क और वसूली यदि कोई हो जो पश्चात, आज तक प्रभावित	22.4.2026 दोपहर 2.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक (प्रत्येक 10 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ)	(i) रु. 67,59,700/- / रु. 6,75,970/- / रु. 10,000/-	13.4.2026 पूर्व अप्वाइंटमैंट लेकर
	(ii) खसरा संख्या 313आर/9 (4-4)-10(8-0)-2(6-2)-11/2(3-8)303आर/6(8-0), हदबस्त संख्या 357 में से 8.27 मरला भूमि पर आवासीय संपत्ति का समतुल्य बंधक ग्राम धरियाल, तहसील एवं जिला पठानकोट में स्थित, श्रीमती संदीप पत्नी श्री विवेक जगी के नाम पर, बिक्री विलेख संख्या 2054 दिनांक 26-07-2017 द्वारा पंजीकृत। संपत्ति पूर्व में चिकेतर/50 फुट, पश्चिम में गली 18 फुट चौड़ी/50 फुट, उत्तर में गली 20 फुट चौड़ी/45 फुट, दक्षिण में चिकेतर/45 फुट से घिरी हुई है। सुरक्षित संपत्ति की सरसाई आईडी 400070672119 है। (भौतिक कब्जा)			(ii) रु. 13,91,840/- / रु. 1,39,184/- / रु. 10,000/-	
	(iii) ग्राम धरियाल, तहसील एवं जिला पठानकोट में स्थित खसरा संख्या 339आर/22 (8-4) हदबस्त संख्या 357 में से 1.47 मरला क्षेत्रफल वाली व्यावसायिक भूमि का समतुल्यमूलक बंधक श्री विवेक जगी पुत्र श्री अरुण कुमार के नाम पर, बिक्री विलेख संख्या 2018-19/44/1/679 दिनांक 30-08-2018 द्वारा पंजीकृत। एवं सम्पत्ति की सीमाएं : पूर्व : चैंडर/20 फुट, पश्चिम : चैंडर/20 फुट, उत्तर : मौग राज/ 20 फुट, दक्षिण : रास्ता/20 फुट सरसाई आईडी सिक्योर्ड इमैंट 400070672429 (भौतिक कब्जा)			(iii) रु. 14,04,710/- / रु. 1,40,471/- / रु. 10,000/-	

सिक्योरिटी इंट्रस्ट (इन्फोर्समैंट) रूल्स 2002 के नियम 8 के तहत सुरक्षित सम्पत्ति की बिक्री हेतु 30 दिवसीय सूचना

नियम व शर्तें : बिक्री के विस्तृत नियमों व शर्तों के लिए https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं ऑनलाइन नीलामी पोर्टल https://baanknet.com पर प्रदत्त लिंक देखें। जो संपत्ति प्रतीकात्मक कब्जे में है, बैंक उस संपत्ति को नीलामी में खरीदे गए खरीदारों को प्रतीकात्मक रूप से सौंप देगा। इसके अलावा संभावित बोलीदाता अधिकृत अधिकारी से मोबाइल: 79846-79806, 94192-46677, 70871-15313 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक: 11.3.2026 | स्थान : अमृतसर | हस्ता/- अधिकृत अधिकारी